पाठ 11. आपके बच्चे (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में अंतर-वैयक्तिक संबंध का कौशल विकसित करना है ताकि वे विभिन्न व्यक्तियों व प्राणियों से सकारात्मक तरीके से जुड़ने की समझ पैदा कर सकें। कवि ने यह बताने की चेष्टा की है कि आज के बच्चे कल के समाज के निर्माता हैं अत: उन्हें अपने ढंग से, अपनी सोच को सकारात्मक दिशा देने में उनकी सहायता करनी चाहिए न कि उनपर अनावश्यक अंकुश लगाना चाहिए।

अध्यापन संकेत

यह पाठ मौखिक पठन के लिए है। इसमें बच्चों की सोच को विस्तार देने के लिए उनसे प्रश्न बनवाए जा सकते हैं या उनसे प्रश्न पूछे जा सकते हैं। बच्चे अपनी मनोदशा की अभिव्यक्ति किस प्रकार करते हैं या कर सकते हैं, इसके बारे में चर्चा करें। बच्चों से पूछा जा सकता है कि वे अपने घर-परिवार के लिए व अपने समाज व देश के लिए क्या करना चाहते हैं।